Need to connect helipad at Rohini, Delhi with KMP Expressway-laid

श्री योगेन्द्र चांदोलिया (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) : मैं दिल्ली के एक महत्वपूर्ण विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ जिससे दिल्ली के लोगों को बहुत लाभ होगा । उत्तर पश्चिमी दिल्ली के रोहिणी हेलीपैड से लेकर KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे रोड को जोड़ने से दिल्ली मे रह रहे बहुत सारे लोगों को बहुत लाभ होगा और आवागमन मे बहुत आसानी होगा । KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे जो कि कुंडली मनेसर पलवल एक्स्प्रेसवे है वह दिल्ली के बाहर बाहर से जाता हैं और कुंडली, मनेसर व पलवल को आपस मे जोड़ता हैं, परंतु KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे से रोहिणी हेलीपैड की कनेक्टिविटी न होने से लोगों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता और लोगों को बहुत दूर से KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे पर चढ़ना पड़ता है । KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे से रोहिणी हेलीपैड हेतु सीधा रोड या एलिवेटिड फ्लाइओवर बनाकर कनेक्ट करने से लोगों को बहुत लाभ होगा । लोग सीधा KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे से रोहिणी दिल्ली पहुच सकेंगे तथा KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे पर चढ़ने में भी आसानी होगी, आवागमन आसान होगा और लोगों को सुविधा होगी । मेरा सरकार से निवेदन हैं कि KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे से रोहिणी हेलीपैड हेतु सीधा रोड या एलिवेटिड फ्लाइओवर बनाकर कनेक्ट किया जाए ।